teachersadda.co.in

adda247

प्रथम 10 मिनट में अभ्यर्थी अपनी प्रश्न–पुस्तिका के क्रमांक का मिलान ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक के क्रमांक से कर लें। यदि ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक व प्रश्न–पुस्तिका के क्रमांक भिन्न हैं तो केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न–पुस्तिका बदल लें।

**Level : 1**
**PRT : For Classes I to V**

# Exam. – 2018

437638

प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक एवं ओ०एम०आर० क्रमांक
Question-Booklet Serial No. & O. M. R. Serial No.

**Sub. Code No. : 3101**

**SET : C**

अनुक्रमांक (अंकों में) : ☐☐☐☐☐☐☐
Roll No. (In Figures)

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________
Roll No. (In Words)

परीक्षा केन्द्र का नाम : ____________________
Name of Examination Centre

अभ्यर्थी का नाम : ______________ अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ______________
Name of Candidate Signature of Candidate

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इस प्रश्न–पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या<br>No. of Pages in this Question Booklet | 48 | प्रश्नों की संख्या<br>No. of Questions | 150 | समय<br>Time | 2½ hours |

निरीक्षक के हस्ताक्षर / Signature of Invigilator : ______________

अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न–पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने तथा उत्तर पत्रक में अपने विवरण भरने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न–पुस्तिका व उत्तर पत्रक की क्रम संख्या गलत अंकित हों तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न–पुस्तिका बदल लें। इसके पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर अंकित करने के लिए पूरे 2½ घंटे का समय दिया जाएगा। **यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पुस्तिका में दिए गए किसी भी प्रश्न में कोई त्रुटि होने का संदेह हो तो इसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रतिवेदन देने के लिए अवसर दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित अवसर के दौरान इस सम्बन्ध में अपना प्रतिवेदन बोर्ड कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। इस अवसर के बाद, इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

यदि किसी प्रश्न में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में भिन्नता है तो अंग्रेजी माध्यम का प्रश्न ठीक माना जाएगा।
**If there is any variance between Hindi and English Version of any question then English Version would be considered correct.**

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश / INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES :

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक इस प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न–पुस्तिका पढ़ने को कहा जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पैन से विवरण भरें। (The OMR Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to read the Question Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars carefully with blue/black ball point pen only.)
2. परीक्षा की अवधि **2½** घंटे है एवं प्रश्न–पुस्तिका में **150** प्रश्न हैं। **कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।** (The test is of **two-and-half hours** duration and consists of **150** questions. **There is no negative marking.**)
3. अपने विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पैन** का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर पत्रक को भरने में सावधानी बरतें। (Use **Blue/Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page/darkening responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in darkening the responses on the answer sheet.)
4. प्रथम 10 मिनट में, यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक और उत्तर पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक लेने के लिए पर्यवेक्षक को तुरन्त अवगत करवाएँ। (Within first 10 minutes, also ensure that your Question Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Question Booklet and the Answer Sheet.)

5. लेवल–1 (कक्षा I से V के लिए)

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | | (प्र० 1 से प्र० 30) |
| भाग–II : भाषा : (हिन्दी : 15 प्रश्न व अंग्रेजी : 15 प्रश्न) | | (प्र० 31 से प्र० 60) |
| भाग–III : सामान्य अध्ययन : (मात्रात्मक योग्यता : 10 प्रश्न, तार्किक अभिक्षमता : 10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान : 10 प्रश्न) | | (प्र० 61 से प्र० 90) |
| भाग–IV : गणित | | (प्र० 91 से प्र० 120) |
| भाग–V : पर्यावरण अध्ययन | | (प्र० 121 से प्र० 150) |

5. **Level-1 (For Classes I to V)**

| | | |
|---|---|---|
| Part-I : | Child Development and Pedagogy | (Q. 1 to Q. 30) |
| Part-II : | Language : (Hindi : 15 Q. & English : 15 Q.) | (Q. 31 to Q. 60) |
| Part-III : | General Studies : (Quantitative Aptitude : 10 Q, Reasoning Ability : 10 Q, G. K. & Awareness : 10 Q) | (Q. 61 to Q. 90) |
| Part-IV : | Mathematics | (Q. 91 to Q. 120) |
| Part-V : | Environmental Studies | (Q. 121 to Q. 150) |

नोट : कृपया इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें। **(Please read other remaining instructions given on the last page of this booklet.)**

SEAL

## भाग – I / PART – I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT & PEDAGOGY

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।*

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

1. "बालक की विवेचना (तर्क) तार्किक नहीं है और यह अन्तर्ज्ञान (अन्तर्बोध) पर आधारित है न कि व्यवस्थित तर्क पर।" पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की यह अवस्था कहलाती है :

(1) संवेदी गामक काल

(2) पूर्व-क्रियात्मक काल

(3) मूर्त क्रियात्मक काल

(4) औपचारिक क्रियात्मक काल

2. निम्नलिखित में से कौन-सा आन्तरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण *नहीं* है ?

(1) दुश्चिन्ता

(2) उपलब्धि की आवश्यकता

(3) आकांक्षा स्तर

(4) प्रशंसा

3. बालकों की सामाजिक दक्षता के विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी परवरिश शैली अधिकतम प्रभावी है ?

(1) अधिनायकवादी

(2) लापरवाह

(3) प्राधिकारिक

(4) कृपालु

1. "Reasoning of child is not logical and is based on intuition rather than on systematic logic." According to Piaget this stage of cognitive development is called :

(1) Sensory motor period

(2) Preoperations period

(3) Concrete operations period

(4) Formal operations period

2. Out of the following which is ***not*** the example of intrinsic motivation ?

(1) Anxiety

(2) Need for achievement

(3) Level of aspiration

(4) Praise

3. Which of the following parenting styles is most effective for development of Children's social competence ?

(1) Authoritarian

(2) Neglectful

(3) Authoritative

(4) Indulgent

teachersadda.co.in

4. निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम व्यूहरचना (कौशल) सृजनात्मकता के विकास में बाधा पहुँचाती है ?

(1) विद्यार्थियों को लचीले ढंग से चिन्तन में सहायता करना।

(2) विद्यार्थियों को जोखिम (खतरा) उठाने के लिए प्रोत्साहित करना।

(3) शिक्षण-अधिगम के दौरान विद्यार्थियों को अतिनियन्त्रित करना।

(4) विद्यार्थियों को अध्यवसायी और विलम्ब संतुष्टि हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।

5. सतत और व्यापक मूल्यांकन के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *गलत* है ?

(1) यह विद्यालय आधारित मूल्यांकन है।

(2) इसमें विद्यार्थियों के सभी पक्ष सम्मिलित होते हैं।

(3) इसमें निदानात्मक मूल्यांकन सम्मिलित नहीं है।

(4) इसके लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रविधियाँ प्रयोग की जाती हैं।

6. विकास के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सार्थक तथ्य है ?

(1) यह पूर्वानुमान प्रारूप के अनुसार नहीं होता है।

(2) यह आनुवांशिकी और वातावरण की अन्तःक्रिया का परिणाम है।

(3) सभी व्यक्ति समान दर से विकास करते हैं।

(4) विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर अग्रसर होता है।

4. Which of the following strategies of teaching-learning is obstacle in developing creativity ?

(1) Help students to think in flexible ways.

(2) Encourage students to take risk.

(3) Overcontrol students during teaching-learning.

(4) Guide students to be persistent and delay gratification.

5. Which of the following statement is *incorrect* about the continuous and comprehensive evaluation ?

(1) It is school based evaluation.

(2) It includes all aspects of students.

(3) Diagnostic evaluation is not included in it.

(4) Both formal and informal techniques are used for it.

6. Which of the following is a significant fact about the development ?

(1) It does not follow a predictable pattern.

(2) It is a product of the interaction of hereditary and environment.

(3) All individuals have similar rates of development.

(4) Development proceeds from specific to general.



teachersadda.co.in

7. निम्नलिखित् में से कौन-सी विशेषता वंचित बालक की *नहीं* है ?

(1) जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की अपर्याप्तता को झेलना।

(2) आधारभूत और सार्वभौमिक अधिकार प्रदान कराना।

(3) भावी मनो-शैक्षिक समस्याओं का संकट (खतरा)।

(4) उसकी स्वाभाविक दर से विकास के अवसरों से वंचित रखना।

8. एक बालक जो किसी एक विशेषता (लक्षण) (जैसे दुश्चिंता या सामाजिकता) में उच्च और निम्न है, बाद के वर्षों में भी इसी तरह का रहता है। यह कथन निम्न के महत्त्व को बल देता है :

(1) आनुवांशिकी के

(2) वातावरण के

(3) आनुवांशिकी और वातावरण के

(4) परिपक्वता के

9. विकास के पक्ष (क्षेत्र) जैसे कि शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया से विकसित होते हैं ?

(1) पृथकता से

(2) आंशिकता से

(3) यादृच्छिकता से

(4) समग्रता और साकल्यता (सम्पूर्णता) से

7. Which of the following is ***not*** a characteristic of disadvantaged child ?

(1) Suffers inadequacy of basic necessities of life.

(2) Provide the basic and universal right.

(3) Risk of future psycho-educational problems.

(4) Denied the opportunity to grow normally at his/her own rate.

8. A child who is high and low in a characteristic (such as anxiety or sociability) will remain so at later ages. This statement stresses on the importance of :

(1) Hereditary

(2) Environment

(3) Hereditary and environment

(4) Maturation

9. The domains of development such as physical, cognitive, social and emotional are developed in which one of the following process ?

(1) Distinctly

(2) Partially

(3) Randomly

(4) Integrated and holistically

teachersadda.co.in

10. निम्नलिखित में से कौन-सी व्यावहारिक विशेषता (गुण) व्यक्ति के अभिप्रेरित व्यवहार से सम्बन्धित *नहीं* है ?

(1) ऊर्जित (2) निर्दिष्ट (निर्देशित)
(3) पृथक (4) सतत (लगातार)

11. चॉम्स्की के अनुसार, भाषा अर्जित करने की एक अंतर्जात क्षमता जो मानव को जैविक वंशागति के फलस्वरूप प्राप्त हमारी अद्वितीय क्षमता है, को कहते हैं :

(1) भाषा अनुकूलन श्रेणी
(2) भाषा अर्जन साधन
(3) भाषा स्वीकार्य इच्छा
(4) भाषा अर्जन क्षेत्र (पक्ष)

12. कोहलबर्ग के अनुसार, एक बालक के नैतिक विकास के कौन से स्तर में वह नैतिक मूल्यों का आन्तरीकरण (आभ्यंतरीकरण) प्रदर्शित नहीं करता है और बालक के नैतिक तर्क बाह्य पुरस्कार और दंड से नियन्त्रित रहते हैं ?

(1) पूर्वपरम्परागत
(2) परम्परागत
(3) पश्चपरम्परागत
(4) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त

13. संवेग की प्रकृति निम्नलिखित में से कौन-से कथन से सही रूप में प्रकट होती है ?

(1) कुछेक संवेगों का ही व्यवहारात्मक पक्ष होता है।
(2) संवेग जीव की स्थायी अवस्था है।
(3) संवेगात्मक प्रकटीकरण को अधिगम द्वारा परिवर्तित नहीं कर सकते हैं।
(4) प्रत्येक संवेग के साथ एक भावना निहित रहती है।

10. Which of the following behavioural characteristic is ***not*** related to the motivated behaviour of the individual ?

(1) Energized (2) Directed
(3) Separated (4) Sustained

11. According to Chomsky, an innate capacity to acquire language is the result of our uniquely human biological inheritance, is called :

(1) Language Adaptation Degree
(2) Language Acquisition Device
(3) Language Acceptance Desire
(4) Language Acquire Domain

12. According to Kohlberg which level of moral development of a child shows no internalization of moral values and the moral reasoning of the child is controlled by external rewards and punishment ?

(1) Preconventional
(2) Conventional
(3) Postconventional
(4) Universal ethical principle

13. The nature of emotion correctly depicts in which of the following statement ?

(1) Some emotions has behavioural aspect.
(2) Emotions are permanent state of the organism.
(3) Emotional expressions can not be modified by learning.
(4) Every emotion is accompanied by a feeling.

teachersadda.co.in

14. अधिगमकर्ताओं के सतत और व्यापक मूल्यांकन के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *सही* है ?

(1) संकलित (योगात्मक) आकलन औपचारिक आकलन कहलाता है।

(2) संकलित आकलन अनौपचारिक आकलन कहलाता है।

(3) संकलित आकलन अनुदेशन प्रक्रिया के दौरान होता है।

(4) संकलित आकलन विद्यार्थियों की कठिनाइयों के निदान पर बल देता है।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण संरचनात्मक (निर्माणात्मक) आकलन के लिए उपयुक्त प्रतीत *नहीं* होता है ?

(1) प्रश्नोत्तरी

(2) मानदण्ड संदर्भित परीक्षण

(3) समूह परिचर्चा

(4) वार्तालाप

16. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न चिन्तन की गहन प्रकार की शैली को प्रोत्साहित करता है ?

(1) आधा ($\frac{1}{2}$) का प्रतिलोम क्या होता है ?

(2) न्यूनतम (छोटी से छोटी) अभाज्य संख्या क्या है ?

(3) आधी मात्रा में चाय बनाने के लिए कितना दूध प्रयोग करेंगे ?

(4) योग (जोड़), व्यवकलन (घटाव) का विलोम होता है कहने का क्या तात्पर्य है ?

14. Which of the following statement is ***correct*** about the continuous and comprehensive evaluation of learner ?

(1) Summative assessment is called formal assessment.

(2) Summative assessment is called informal assessment.

(3) Summative assessment is during the instructional procedure.

(4) Summative assessment emphasise on diagnosing difficulties of students.

15. Out of the following which tool is ***not*** seems to be appropriate for formative assessment ?

(1) Quizzes

(2) Criterion Referenced Test

(3) Group discussion

(4) Conversation

16. Which of the following question encourages a deep style of thinking ?

(1) What is the inverse of one half ?

(2) What is the lowest prime number ?

(3) How much milk would you use to make half of the tea ?

(4) What does it mean to say that addition is the opposite to subtraction ?

teachersadda.co.in

17. अधिगम के सामाजिक निर्मितिवादी (कन्सट्रक्टीविस्ट) उपागम की विशेषता है :

(1) अधिगम के लिए बालक के संज्ञान पर बल देना।

(2) अधिगम के लिए सूचना-प्रक्रम पर बल देना।

(3) अधिगम के लिए दूसरों से सहयोग पर बल देना।

(4) अधिगम के लिए अनुभवों पर बल देना।

18. निम्नलिखित में से बुद्धि की कौन-सी श्रेणी हॉवर्ड गार्डनर द्वारा उनके बहु-बुद्धि सिद्धान्त में ***नहीं*** सुझायी गई है ?

(1) गणितीय कौशल

(2) संगीत कौशल

(3) अंतर्वैयक्तिक कौशल

(4) व्यावहारिक कौशल

19. वाइगोट्स्की के अनुसार, वह कार्य (कृत्य) जो बालक अकेले के लिए अत्यधिक कठिन है, परन्तु किसी प्रौढ़ और अधिक कुशल साथी की सहायता से करना संभव हो, कहलाता है :

(1) निर्देशित सहभागिता

(2) स्कैफोल्डिंग (पाड़ या ढाँचा)

(3) आसन्न विकास क्षेत्र

(4) अन्तः व्यक्तिनिष्ठता

17. Characteristic of social constructivist approach of learning is :

(1) Emphasis on child's cognition for learning.

(2) Emphasis on processing of information for learning.

(3) Emphasis on collaboration with others for learning.

(4) Emphasis on experiences for learning.

18. Which one of the following category of intelligence is ***not*** suggested by Howard Gardner in his multiple intelligence theory ?

(1) Mathematical Skill

(2) Musical Skill

(3) Interpersonal Skill

(4) Practical Skill

19. According to Vygotsky, a range of task too difficult for the child to do alone, but possible with the help of adults and more skilled peers, is called :

(1) Guided Participation

(2) Scaffolding

(3) Zone of proximal development

(4) Inter subjectivity

teachersadda.co.in

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन चिन्तन के विषय में *गलत* है ?

(1) चिन्तन में प्रतिमाएँ और भाषा प्रयुक्त होती हैं।

(2) चिन्तन एक प्रकार की सूचना प्रक्रमण (प्रक्रिया) है।

(3) चिन्तन संज्ञानात्मक प्रक्रिया का समुच्चय (सेट) है।

(4) चिन्तन और भाषा असम्बन्धित हैं।

**21.** समस्या समाधान में निम्नलिखित में से कौन-सा पद सम्मिलित *नहीं* है ?

(1) आँकड़ों का एकत्रीकरण करना

(2) परिकल्पनाओं का निर्माण करना

(3) सत्यापन और सामान्यीकरण करना

(4) उद्दीपक के प्रति अनुक्रिया करना

**22.** अधिगमकर्ताओं की व्यक्तिगत विभिन्नताओं की पूर्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चरण (पद) वाँछनीय *नहीं* है ?

(1) व्यक्तियों की योग्यताओं का सही आकलन करना

(2) व्यक्तिपरक अनुदेशन देना

(3) सामाजिक आर्थिक स्तर की पहचान करना

(4) विशिष्ट प्रतिभाओं की पहचान करना

**20.** Which of the following statement is ***incorrect*** about thinking ?

(1) Thinking uses images and language.

(2) Thinking is a form of information processing.

(3) Thinking is the set of cognitive process.

(4) Thinking and language are unrelated.

**21.** Which of the following step is ***not*** included in problem solving ?

(1) Accumulation of data

(2) Formulating hypothesis

(3) Verification and making generalization

(4) Responding to the stimulus

**22.** To meet the individual differences of learners which of the following step is ***not*** required ?

(1) Individual's abilities assessed accurately

(2) Individualisation of instruction

(3) Indentification of socio-economic status

(4) Identification of special talents



teachersadda.co.in

23. 'समावेशन' का तात्पर्य है एक विशेष आवश्यकता वाले बालक को नियमित (सामान्य) कक्षा में शिक्षित करना :
(1) कुछ समय के लिए
(2) अधिकांश समय के लिए
(3) पूरे समय के लिए
(4) विद्यालय में सामाजिक गतिविधियों के दौरान

24. बहु-बुद्धि (मन के फ्रेम (ढाँचे)) सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन थे ?
(1) हॉवर्ड गार्डनर
(2) अल्फ्रेड बिने
(3) ई० एल० थॉर्नडाइक
(4) जे० पी० गिलफोर्ड

25. अधिगम अयोग्यता (निर्योग्यता) उपयुक्त रूप में परिभाषित की जा सकती है :
(1) यह बाह्य है और शैक्षिक और सांस्कृतिक वंचना से होती है।
(2) यह आन्तरिक है और केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र के दुष्क्रिया से होती है।
(3) यह बाह्य है और सांवेगिक विक्षोभ (बाधा) से होती है।
(4) यह आन्तरिक है और मानसिक मंदता से होती है।

26. एक बालक जिसे मानव सम्पर्क से पृथक बड़ा किया गया है, प्रायः दीर्घकाल तक अत्यधिक भाषा की कमी को दर्शाता है जो बाद के भाषा उद्भाषन अनुभवों द्वारा पूर्ण रूप से बिरले ही पूरी होती है। यह साक्ष्य भाषा विकास के कौन-से पक्ष को बल देता है ?
(1) वातावरणीय (2) जैविकीय
(3) अंतःक्रियावादी (4) व्यावहारिक

23. The term 'inclusion' means educating a child with special need in the regular classroom for :
(1) Some time
(2) Most of the time
(3) Full time
(4) During social activities in the school

24. Who was propounder of Multiple intelligence (Frames of Mind) theory ?
(1) Howard Gardner
(2) Alfred Binet
(3) E. L. Thorndike
(4) J. P. Guilford

25. Learning disability can be appropriately defined as :
(1) It is extrinsic and due to educational & cultural deprivation.
(2) It is intrinsic and due to central nervous system dysfunction.
(3) It is extrinsic and due to emotional disturbance.
(4) It is intrinsic and due to mental retardation.

26. The child is raised in isolation from human contact often show extreme, long-lasting language deficits that are rarely entirely overcome by later exposure to language. This evidence support to which aspect of language development ?
(1) Environmental (2) Biological
(3) Interactionist (4) Pragmatic

teachersadda.co.in

27. गैने द्वारा प्रस्तावित अधिगम का पदानुक्रमिक उच्चतम स्तर है :

(1) समस्या समाधान अधिगम

(2) सिद्धान्त अधिगम

(3) सम्प्रत्यय अधिगम

(4) कौशल अधिगम

28. निम्नलिखित में से अधिगम की कौन-सी परिस्थिति बाल-केन्द्रित शिक्षा पर आधारित *नहीं* है ?

(1) समस्या आधारित

(2) अन्वेषण (खोज)

(3) निर्देशित अन्वेषण (खोज)

(4) प्रदर्शन

29. निम्नलिखित में से कौन-सा पूरक अधिगम नियम थॉर्नडाइक द्वारा प्रतिपादित किया गया ?

(1) तत्परता का नियम

(2) बहु अनुक्रिया का नियम

(3) अभ्यास का नियम

(4) प्रभाव का नियम

30. अधिगम है :

(1) जो कुछ हम जानते हैं वह सब अधिगम किया हुआ है।

(2) व्यवहार, ज्ञान और कौशल पर तुलनात्मक स्थायी प्रभाव है।

(3) प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन और मापन योग्य है।

(4) विशिष्ट आयु स्तर तक सीमित है।

27. The highest level of learning in the hierarchy proposed by Gagne is :

(1) Problem Solving Learning

(2) Principle Learning

(3) Concept Learning

(4) Skill Learning

28. Which one of the following situation of learning is *not* based on child centered education ?

(1) Problem based

(2) Discovery

(3) Guided discovery

(4) Demonstration

29. Which of the following is a supplementary law of learning propounded by Thorndike ?

(1) Law of Readiness

(2) Law of Multiple Responding

(3) Law of Exercise

(4) Law of Effect

30. Learning is :

(1) Everything we know is learned.

(2) A relatively permanent influence on behaviour, knowledge and skill.

(3) Directly observable and measurable.

(4) Limited to particular age level.

teachersadda.co.in

## भाग – II / PART – II

## भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)

### [ हिन्दी / HINDI ]

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** 'उत्कोच' शब्द का ***सही*** अर्थ है :
(1) घूस लेने वाला
(2) घूस देने वाला
(3) घूस
(4) रिश्वत लेने का इच्छुक

**32.** 'यावज्जीवन' पद में समास है :
(1) अव्ययीभाव
(2) तत्पुरुष
(3) कर्मधारय
(4) बहुव्रीहि

**33.** योगी शिवेन्द्र '<u>कुशासन</u>' पर विराजमान हैं। रेखांकित पद में समास है :
(1) मध्यम पद लोपी तत्पुरुष
(2) कर्मधारय
(3) बहुव्रीहि
(4) द्वन्द्व

**34.** किस शब्द में 'अव' उपसर्ग का प्रयोग ***नहीं*** हुआ है ?
(1) अवनद्ध
(2) अवलेह
(3) अवेक्षण
(4) अवधी

**35.** यह समस्या मैं <u>आप</u> ही हल कर लूँगा। रेखांकित पद का सर्वनामभेद बताइए :
(1) संबंधवाचक
(2) पुरुषवाचक
(3) निजवाचक
(4) निश्चयवाचक

**36.** निम्न में से किस विकल्प में अविकारी पद ***नहीं*** है ?
(1) संबंधसूचक
(2) सर्वनाम
(3) समुच्चयबोधक
(4) क्रिया-विशेषण

**37.** 'गुण स्वर सन्धि' का उदाहरण चुनिए :
(1) यमुनोर्मि
(2) दध्योदन
(3) मनोदशा
(4) शिरोरेखा

**38.** निम्न में से किस विकल्प में अपत्यवाचक प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(1) दाम्पत्य
(2) पाशविक
(3) दाशरथि
(4) आस्तिक

teachersadda.co.in

39. 'ऊँचाइयाँ' नापनी हैं तो पर्वतों की सैर करो। रेखांकित पद का संज्ञाभेद इंगित कीजिए :

(1) भाववाचक संज्ञा

(2) समूहवाचक संज्ञा

(3) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(4) जातिवाचक संज्ञा

40. विशेषण से निर्मित भाववाचक संज्ञापद *नहीं* है :

(1) आत्मीयता

(2) नैपुण्य

(3) धैर्यवत्ता

(4) सारल्य

41. मोहन 'सातवीं' कक्षा में 'पहले' स्थान पर रहा। रेखांकित पदों में विशेषण का भेद इंगित करें :

(1) क्रमवाचक निश्चित संख्यावाचक विशेषण।

(2) पूर्णांकबोधक निश्चित संख्यावाचक विशेषण।

(3) समुदायवाचक निश्चित संख्यावाचक विशेषण।

(4) आवृत्तिवाचक निश्चित संख्यावाचक विशेषण।

42. एककर्मक क्रिया वाला वाक्य है :

(1) महर्षि वेदव्यास ने जयसंहिता लिखी।

(2) उसने हमें पुस्तकें दी।

(3) बहन ने भाई को राखी बाँधी।

(4) मैंने पिताजी को पत्र लिखा।

43. वार्तनिक दृष्टि से *अशुद्ध* विकल्प चुनिए :

(1) दुरावस्था

(2) मातृभक्त

(3) मनःकामना

(4) अन्तर्धान

44. *अशुद्ध* विलोम युग्म है :

(1) संश्लेषण – विश्लेषण

(2) श्लील – अश्लील

(3) सति – कुलटा

(4) ससीम – असीम

45. ग़लत सन्धि विच्छेद वाला विकल्प चुनिए :

(1) उद् + डयन = उड्डयन

(2) पद् + हति = पद्धति

(3) तत् + टीका = तट्टीका

(4) शरद् + उल्लास = शरदोल्लास

[ C ]

## [ अंग्रेजी / ENGLISH ]

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**46.** Fill in the blank space with ***correct*** adverb in the following sentence :

The soldiers fought ................ .

(1) Partly

(2) Luckily

(3) Bravely

(4) Clearly

**47.** Fill in the blank with the ***correct*** option :

The milk ....... sour.

(1) has turned

(2) will be turning

(3) had turn

(4) is turn

**48.** Identify the word with a different Sound represented by the underlined letter at the initial level in one of the following words :

(1) Chest

(2) Cheap

(3) Catch

(4) Chin

**49.** What are the positive and comparative degrees of the adjective "Best" ?

(1) Good, Better

(2) Ok, Good

(3) Better, Good

(4) Best, Best

**50.** Choose the ***correct*** form of the verb "Read" in the following sentence :

I ................ a play by Bernard Shaw.

(1) had reading

(2) am reading

(3) are reading

(4) has read

**51.** Fill in the blank with appropriate modal from the options given below :

....... you mind opening the window ?

(1) Can

(2) Could

(3) Would

(4) May

SEAL

teachersadda.co.in

52. Write the antonym of the word 'Praise' :

(1) Criticize

(2) Worship

(3) Favour

(4) Ignore

53. Choose the ***correct*** option for the underlined phrase :

The doctor told her to <u>carry on</u> with the treatment.

(1) Continue

(2) Delay

(3) Stop

(4) Postpone

54. Fill in the blank space with ***correct*** adjective in the following sentence :

He didn't make ................ mistakes.

(1) Many

(2) Good

(3) Much

(4) Most

55. Which one of these options has the words arranged in proper order to form a ***correct*** sentence ?

(1) Lies the / wears a / uneasy / head that / crown.

(2) Uneasy / lies the / head / that wears / a crown.

(3) A crown / lies the / uneasy / head / that wears.

(4) Head / uneasy / a crown / that wears / lies the.

56. Fill in the blank with the ***correct*** option :

The plane ....... from Delhi at 3.00 clock tomorrow afternoon.

(1) left

(2) will have left

(3) leaves

(4) leaving

teachersadda.co.in

57. Identify the conjuction in the following sentence from the options given below :

Answer the first question before you proceed further.

(1) First

(2) Before

(3) Further

(4) Proceed

58. Choose the ***correct*** past tense of the verb "Bring" :

(1) Brought

(2) Buy

(3) Buying

(4) Broughted

59. Fill in the blank space with ***correct*** article in the following sentence :

My brother is in ............... Indian army.

(1) a

(2) an

(3) the

(4) zero article

60. Choose the ***correct*** preposition from the given options in the following sentence :

There is a label ............... the bottle.

(1) on

(2) in

(3) at

(4) into

teachersadda.co.in

## भाग – III / PART – III

## सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

### [ मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND G.K. & AWARENESS ]

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।*

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**61.** $666 \div 6 \div 3$ का मान बराबर है :

(1) 37 (2) 111

(3) 333 (4) 38

**62.** यदि $\frac{x}{16} = \frac{196}{x}$, तो $|x|$ का मान है :

(1) 28 (2) 36

(3) 52 (4) 56

**63.** निम्न श्रेणी में *गलत* पद को ज्ञात कीजिये :

445, 221, 109, 46, 25, 11, 4

(1) 221 (2) 46

(3) 109 (4) 25

**64.** निम्न में से कौन-सी भिन्न सबसे छोटी है ?

(1) $\frac{13}{16}$ (2) $\frac{17}{21}$

(3) $\frac{15}{19}$ (4) $\frac{7}{8}$

**61.** The value of $666 \div 6 \div 3$ is equal to :

(1) 37 (2) 111

(3) 333 (4) 38

**62.** If $\frac{x}{16} = \frac{196}{x}$, then value of $|x|$ is :

(1) 28 (2) 36

(3) 52 (4) 56

**63.** Find the ***wrong*** term in the following series :

445, 221, 109, 46, 25, 11, 4

(1) 221 (2) 46

(3) 109 (4) 25

**64.** Which of the following fraction is the smallest ?

(1) $\frac{13}{16}$ (2) $\frac{17}{21}$

(3) $\frac{15}{19}$ (4) $\frac{7}{8}$

teachersadda.co.in

65. यदि एक समबाहु त्रिभुज की भुजा 20% कम कर दी जाती है, तो इस त्रिभुज के क्षेत्रफल में कितनी कमी हो जायेगी ?

(1) 8% (2) 16%

(3) 36% (4) 20%

66. श्रेणी का अगला पद ज्ञात कीजिए :

0, 6, 24, 60, 120, ?

(1) 180 (2) 210

(3) 216 (4) 240

67. 'X' और 'Y' भाई हैं, 'B', 'A' की पुत्री है। 'A' 'Y' की पत्नी है। 'B', 'X' से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(1) साली

(2) भतीजी

(3) पुत्री

(4) बहन

68. यदि 'PURE' का कूट शब्द 'QVQD' तथा 'COPE' का कूट शब्द 'DPOD' लिखा जाता है, तो 'WHEN' का कूट शब्द है :

(1) XIFO

(2) XDIM

(3) XIDM

(4) XIMD

65. If the side of an equilateral triangle is decreased by 20%, then its area is decreased by :

(1) 8% (2) 16%

(3) 36% (4) 20%

66. Find the next term of the series :

0, 6, 24, 60, 120, ?

(1) 180 (2) 210

(3) 216 (4) 240

67. 'X' and 'Y' are brothers. 'B' is the daughter of 'A'. 'A' is wife of 'Y'. What is the relation of 'B' to 'X' ?

(1) Sister-in-Law

(2) Niece

(3) Daughter

(4) Sister

68. In a certain code, 'PURE' is written as 'QVQD' and 'COPE' is written as 'DPOD', then 'WHEN' is written as :

(1) XIFO

(2) XDIM

(3) XIDM

(4) XIMD

SEAL

teachersadda.co.in

**69.** निम्न में से कौन-सा *सही* है ?

(1) $\frac{3}{5} < \frac{4}{7} < \frac{8}{9}$

(2) $\frac{4}{7} < \frac{8}{9} < \frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5} < \frac{8}{9} < \frac{4}{7}$

(4) $\frac{4}{7} < \frac{3}{5} < \frac{8}{9}$

**70.** असंगत ज्ञात कीजिए :

(1) बुध (2) शुक्र

(3) सूर्य (4) शनि

**71.** पाँच दोस्तों में, A, C से ज्यादा परन्तु D से कम रन बनाता है, B, D से ज्यादा, किन्तु E से कम रन बनाता है, तो इनमें से सबसे ज्यादा रन कौन बनाता है ?

(1) C (2) B

(3) D (4) E

**72.** यदि $2 = x + \cfrac{1}{1 + \cfrac{1}{3 + \cfrac{1}{4}}}$ हो, तो $x$ का मान है :

(1) $\frac{18}{17}$ (2) $\frac{21}{17}$

(3) $\frac{16}{17}$ (4) $\frac{20}{17}$

**69.** Which of the following is ***correct*** ?

(1) $\frac{3}{5} < \frac{4}{7} < \frac{8}{9}$

(2) $\frac{4}{7} < \frac{8}{9} < \frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5} < \frac{8}{9} < \frac{4}{7}$

(4) $\frac{4}{7} < \frac{3}{5} < \frac{8}{9}$

**70.** Find the odd one :

(1) Mercury (2) Venus

(3) Sun (4) Saturn

**71.** In five friends, A scores more run than C but less than D, B scores more than D but less than E. Who scores the maximum runs ?

(1) C (2) B

(3) D (4) E

**72.** If $2 = x + \cfrac{1}{1 + \cfrac{1}{3 + \cfrac{1}{4}}}$, then value of $x$ is :

(1) $\frac{18}{17}$ (2) $\frac{21}{17}$

(3) $\frac{16}{17}$ (4) $\frac{20}{17}$



teachersadda.co.in

**73.** एक रेलगाड़ी 180 किमी/घंटे की गति से चल रही है, तो उसकी गति मीटर/सेकण्ड में कितनी है ?

(1) 50 मीटर/सेकण्ड

(2) 40 मीटर/सेकण्ड

(3) 30 मीटर/सेकण्ड

(4) 25 मीटर/सेकण्ड

**74.** यदि $\sqrt{18 \times 14 \times x} = 84$ हो, तो $x$ बराबर है :

(1) 22 (2) 24

(3) 28 (4) 32

**75.** $\sqrt{0.0025} + \sqrt{2.25}$ बराबर है :

(1) 1.55 (2) 1.50

(3) 0.155 (4) 15.5

**76.** स्कूल बस A को उसके घर से लेती है और स्कूल पहुँचने के लिए दो बार बायें मुड़ती है और फिर दाहिने मुड़ती है। यदि बस स्कूल पहुँचते समय पूर्व दिशा की ओर है, तो घर पर वह किस दिशा की ओर थी ?

(1) उत्तर (2) दक्षिण

(3) पूर्व (4) पश्चिम

**73.** A train is moving with a speed of 180 km/hr. It's speed in metre per second is :

(1) 50 m/sec

(2) 40 m/sec

(3) 30 m/sec

(4) 25 m/sec

**74.** If $\sqrt{18 \times 14 \times x} = 84$, then $x$ is equal to :

(1) 22 (2) 24

(3) 28 (4) 32

**75.** $\sqrt{0.0025} + \sqrt{2.25}$ is equal to :

(1) 1.55 (2) 1.50

(3) 0.155 (4) 15.5

**76.** School bus picks A from his house and takes two left turns and then one right turn to reach his school. If the bus is facing East, while reaching the school, which direction was the bus facing at his home ?

(1) North (2) South

(3) East (4) West



teachersadda.co.in

**77.** यदि $\left(\frac{9}{4}\right)^x \cdot \left(\frac{8}{27}\right)^{x-1} = \frac{2}{3}$, तो $x$ का मान है :

(1) 1

(2) 2

(3) 4

(4) 3

**78.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में "pul ta nop" का अर्थ "fruit is good", "nop ko tir" का अर्थ "tree is tall" तथा "pul ho sop" का अर्थ "eat good food" है, तो fruit शब्द का उस भाषा में क्या अर्थ होगा ?

(1) pul

(2) ho

(3) nop

(4) ta

**79.** पेड़ों की एक पंक्ति में, एक पेड़ पंक्ति में बायीं ओर से 11वें स्थान पर है और दायीं ओर से 16वें स्थान पर है। तो पंक्ति में कुल कितने पेड़ हैं ?

(1) 25

(2) 26

(3) 27

(4) 28

**77.** If $\left(\frac{9}{4}\right)^x \cdot \left(\frac{8}{27}\right)^{x-1} = \frac{2}{3}$, then the value of $x$ is :

(1) 1

(2) 2

(3) 4

(4) 3

**78.** In a certain code language, "pul ta nop" means "fruit is good", "nop ko tir" means "tree is tall" and "pul ho sop" means "eat good food". Which of the following does mean fruit in that language ?

(1) pul

(2) ho

(3) nop

(4) ta

**79.** In a row of trees, a tree is at 11th place in the row from the left and 16th place from the right. How many trees are there in this row ?

(1) 25

(2) 26

(3) 27

(4) 28

teachersadda.co.in

80. यदि $a$, $b$ से 2 अधिक है और $b$, $c$ से 10 अधिक है, तथा $a + b + c = 130$ हो, तो $(b + c) - a$ का मान है :

(1) 28 (2) 32

(3) 34 (4) 44

81. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित *नहीं* है ?

(1) बड़खल झील – फरीदाबाद
